

# फर्स्ट कॉपी के एक साल पूरे

कॉमेडियन, शायर और अभिनेता मुनव्वर फारुकी की एक्टिंग डेब्यू वेब सीरीज फर्स्ट कॉपी ने अपनी रिलीज़ के एक साल पूरे कर लिए हैं. 20 जून 2025 को रिलीज़ हुई इस क्राइम थ्रिलर ने मुनव्वर को अभिनय की दुनिया में नई पहचान दिलाई थी.

90 के दशक की मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित इस शो में वीडियो पाइरेसी और वीएचएस संस्कृति की अनदेखी दुनिया को दिखाया गया था. मुनव्वर ने इसमें आरिफ नामक किरदार निभाया, जो एक महत्वाकांक्षी युवक है और अपनी जिंदगी बदलने के लिए संघर्ष करता है. एक स्ट्रीट सेलर से शुरू होकर उसका सफर उसे अपराध, शक्ति और अस्तित्व की जटिल दुनिया तक ले जाता है. शो की पहली वर्षगांठ पर मुनव्वर ने कहा, 'यकीन नहीं होता कि 'फर्स्ट कॉपी' को रिलीज़ हुए एक साल हो गया है. आरिफ का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद खास था क्योंकि यह मेरा पहला अभिनय प्रोजेक्ट था. रिलीज़ से पहले मैं काफी नर्वस था, लेकिन दर्शकों के प्यार और समर्थन ने सब कुछ सार्थक बना दिया. दोनों सीज़न को मिला शानदार रिस्पॉन्स मेरे लिए बेहद खास है और मैं इसके लिए सभी का आभारी हूं.' दर्शकों के बीच लोकप्रियता हासिल करने के साथ-साथ शो को व्यावसायिक सफलता भी मिली, जिसके बाद उसी वर्ष इसका दूसरा सीज़न भी रिलीज़ किया गया. एक वर्ष पूरा होने के साथ 'फर्स्ट कॉपी' मुनव्वर फारुकी के करियर का महत्वपूर्ण पड़ाव बन चुकी है, जिसने उन्हें एक सफल कॉमेडियन के साथ-साथ एक अभिनेता के रूप में भी स्थापित किया है. मुनव्वर इन दिनों महेश मांजरेकर की आगामी परियोजना 'अंगाडिया' की तैयारी में जुटे हैं. इसके अलावा वह अपने स्टैंड-अप शोज़ और अन्य नए प्रोजेक्ट्स पर भी काम कर रहे हैं.

# मराठी फिल्म गजरा में अदा का नया अंदाज

अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी पहली मराठी फिल्म गजरा को लेकर चर्चा में हैं. फिल्म का पहला पोस्टर जारी होने के बाद उनके नए और अलग अंदाज ने प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है.

375 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने वाली फिल्म द केरला स्टोरी में अपनी दमदार भूमिका से पहचान बनाने वाली अदा शर्मा अब मराठी सिनेमा में नई चुनौती के साथ कदम रख रही हैं. सच्ची घटनाओं से प्रेरित 'गजरा' एक गंभीर, भावनात्मक और रहस्यमय कहानी पर आधारित बताई जा रही है. जारी पोस्टर में अदा शर्मा लाल परिधान में दिखाई दे रही हैं. उनके चेहरे और कपड़ों पर खून के निशान हैं तथा उनकी गहन निगाहें फिल्म की कहानी के रहस्यमय और संवेदनशील पक्ष की ओर संकेत करती हैं. पोस्टर में उनका रूप अब तक निभाए गए किरदारों से बिल्कुल अलग नजर आ रहा है.



# मैसा के गीत पर थिरकीं रश्मिका मंदाना

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की बहुप्रतीक्षित पैन-इंडिया फिल्म 'मैसा' के एक गाने की शूटिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है.फिल्म के निर्माताओं ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि मैसा के गीत की शूटिंग पूरी हो चुकी है. पोस्ट में लिखा गया, मैसा सांग पैकअप .

'मैसा' को वर्ष 2026 की चर्चित फिल्मों में गिना जा रहा है. फिल्म में रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी. मेकर्स के अनुसार यह भारत की पहली ऐसी पैन-इंडिया फिल्म है, जिसमें किसी महिला कलाकार को केंद्र में रखकर बड़े स्तर पर कहानी प्रस्तुत की जा रही है. फिल्म के पहले लुक पोस्टर्स को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी, जिसके बाद से फिल्म को लेकर उत्सुकता लगातार बढ़ रही है.

फिल्म में रश्मिका मंदाना एक दमदार और एक्शन से भरपूर किरदार निभा रही हैं. बताया जा रहा है कि यह उनके करियर के अब तक के सबसे अलग और चुनौतीपूर्ण किरदारों में से एक होगा. उनके नए लुक और फिल्म की विषयवस्तु ने दर्शकों के बीच खास चर्चा पैदा की है. मैसा का निर्माण अनफॉर्मूला फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है, जबकि निर्देशन रवींद्र पुल्ले कर रहे हैं. आदिवासी क्षेत्रों की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म एक इमोशनल एक्शन थ्रिलर है. मेकर्स का दावा है कि फिल्म में दमदार विजुअल्स, रोमांचक कहानी और रश्मिका मंदाना का यादगार प्रदर्शन देखने को मिलेगा. फिल्म की रिलीज डेट को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन लगातार सामने आ रहे अपडेट्स ने दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है.





# बॉबी के अभिनय की मुरीद हैं आलिया

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अभिनेता बॉबी देओल की अभिनय क्षमता की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि वह एक ऐसे कलाकार हैं, जो बिना किसी प्रयास के अपने किरदार को जीवंत बना देते हैं.आलिया ने अपनी आगामी फिल्म 'ऐल्फा' में बॉबी देओल के साथ काम करने के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि वह उन्हें 'जेंटल जायंट' कहती हैं.

आलिया के अनुसार, पर्दे पर बॉबी की मौजूदगी बेहद प्रभावशाली होती है, लेकिन वास्तविक जीवन में वह बेहद शांत और विनम्र स्वभाव के व्यक्ति हैं. उन्होंने कहा, 'जब हम साथ में दृश्य फिल्मा रहे थे, तब मुझे महसूस हुआ कि वह कई बार कुछ ऐसा कर जाते हैं जो बेहद शानदार होता है, लेकिन उन्हें स्वयं भी इसका एहसास नहीं होता. वह बहुत अच्छे अभिनेता हैं और उनका अभिनय पूरी तरह स्वाभाविक लगता है.


आलिया ने बताया कि फिल्म के निर्देशक शिव रवैल अक्सर किसी दृश्य के बाद बॉबी देओल की प्रशंसा करते थे, लेकिन बॉबी स्वयं यह नहीं समझ पाते थे कि उन्होंने ऐसा क्या विशेष किया है. यही सहजता उन्हें अन्य कलाकारों से अलग बनाती है. आलिया भट्ट ने कहा कि बॉबी देओल के साथ काम करना उनके लिए बेहद प्रेरणादायक अनुभव रहा.

फिल्म में बॉबी उनके मार्गदर्शक की भूमिका में हैं, लेकिन कहानी में एक ऐसा मोड़ आता है जब उन्हें अपने ही गुरु का सामना करना पड़ता है. यही टकराव फिल्म को और अधिक रोमांचक बनाता है. आलिया ने कहा कि वर्षों के अनुभव के बावजूद बॉबी आज भी सीखने की भावना के साथ काम करते हैं. उन्होंने कहा कि दर्शक इन दिनों बॉबी देओल के नए अवतार का भरपूर आनंद ले रहे हैं और वह लगातार एक से बढ़कर एक प्रभावशाली प्रदर्शन दे रहे हैं.


# द पैराडाइज में राघव जुयाल की एंट्री

अभिनेता राघव जुयाल आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज' में विक्रम मलिक के दमदार किरदार में नजर आएंगे. फिल्म के निर्माताओं ने एक विशेष कैरेक्टर रिवील वीडियो जारी कर उनके किरदार से पर्दा उठाया है. नैचुरल स्टार नानी अभिनीत और निर्देशक श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बन रही 'द पैराडाइज' को वर्ष 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में माना जा रहा है. फिल्म 'दसरा' की सफलता के बाद नानी और श्रीकांत ओडेला का यह दूसरा बड़ा सहयोग है, जिसे लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है.

जारी वीडियो में राघव जुयाल का अब तक का सबसे अलग और प्रभावशाली अवतार देखने को मिला है. विक्रम मलिक के रूप में उनका किरदार ताकत, आक्रोश और प्रभावशाली व्यक्तित्व से भरपूर नजर आता है. वीडियो में उनकी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और ऊर्जावान प्रस्तुति ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है. वहीं, नानी के साथ उनकी मौजूदगी ने फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है. एसएलवी सिनेमाज के बैनर तले निर्मित 'द पैराडाइज' 21 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, अंग्रेजी और स्पेनिश समेत आठ भाषाओं में प्रदर्शित की जाएगी. फिल्म के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुतीकरण को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं. रिपोर्टों के अनुसार, निर्माताओं ने हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स से अंतरराष्ट्रीय बाजार में फिल्म को प्रस्तुत करने के लिए संपर्क किया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है. भव्य पैमाने, दमदार कलाकारों और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ 'द पैराडाइज' से दर्शकों को बड़ी उम्मीदें हैं.



# रियो संग वैष्णवी को देख बिखरा पार्थ



**क्योंकि** सास भी कभी बहू थी' में अब रिश्तों का सबसे बड़ा इम्तिहान शुरू हो चुका है. शो के अपकमिंग एपिसोड में शादी का मंडप सजने से पहले ही भावनाओं का ऐसा विस्फोट होने वाला है, जो पूरे परिवार को हिला कर रख देगा. कहानी की शुरुआत एक बेहद भावुक पल से होती है, जब पार्थ वैष्णवी के करीब आने की कोशिश करता है. वह उसके साथ डांस कर माहौल को सामान्य बनाना चाहता है, लेकिन वैष्णवी अपने जज्बातों पर काबू नहीं रख पाती और वहां से भाग जाती है. यह पल साफ कर देता है कि रियो से शादी तय होने के बावजूद उसका दिल अब भी पार्थ के लिए धड़कता है.

वैष्णवी अकेले में भगवान के सामने टूट जाती है और फूट-फूटकर रोते हुए अपने दिल का दर्द बयां करती है. वह मानती है कि वह रियो से शादी जरूर कर रही है, लेकिन उसके मन में पार्थ के लिए जो जगह है, वह आज भी खाली नहीं हुई. वैष्णवी की यह हालत आने वाले तूफान का साफ संकेत देती है. दूसरी ओर, पार्थ भी अंदर ही अंदर बुरी तरह टूट चुका है. नंदिनी उसकी हालत देखकर परेशान हो जाती है और करण से कहती है कि वह पार्थ से बात करे, क्योंकि वह कुछ छिपा रहा है. इसी बीच घर का माहौल एक और वजह से गरमा जाता है. दामिनी और नंदिनी के बीच हुए थप्पड़ कांड को लेकर करण और गौतम आमने-सामने आ जाते हैं. दोनों के बीच बहस इतनी बढ़ जाती है कि तुलसी को बीच में आकर मामला संभालना पड़ता है. तुलसी दोनों को शांत रहने की हिदायत देती हैं, लेकिन तभी करण एक ऐसा सवाल पूछ देता है, जो कहानी का रुख बदल देता है. वह तुलसी से पूछता है कि आखिर उन्होंने रियो और वैष्णवी की शादी का फैसला क्यों लिया? इस पर तुलसी बताती हैं कि उन्होंने यह कदम पार्थ से पूछने के बाद ही उठाया था.

टेलीविजन

# अनुपमा में शादी से पहले बड़ा ट्विस्ट

**रुपाली** गांगुली और अद्रिजा रॉय स्टारर टीवी सीरियल 'अनुपमा' में अब अंश और प्रेरणा की शादी के साथ कहानी बेहद दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है. अपकमिंग एपिसोड में एक तरफ शादी की रस्में होंगी, तो दूसरी तरफ कोठारी परिवार का ड्रामा हर खुशी पर भारी पड़ता नजर आएगा. रविवार के एपिसोड की शुरुआत दिग्विजय सूद की माफी से होगी, जो पूरे माहौल का रुख बदल देगी.



दिग्विजय सूद पूरे परिवार के सामने प्रेम से हाथ जोड़कर माफी मांगेंगे. वह कहेंगे कि अगर गलती उनकी थी, तो सजा के हकदार भी वही हैं, अनुपमा का परिवार नहीं. दिग्विजय यहां तक कह देंगे कि वह माफी मांगने के साथ-साथ सजा पाने को भी तैयार हैं. दिग्विजय के इस कदम से माहौल भावुक हो जाएगा, लेकिन प्रेम का घमंड और जिद खत्म होती नहीं दिखेगी.

माफी मिलने के बाद भी वह अंश-प्रेरणा की शादी में जाने से इंकार करता रहेगा. यहीं से ख्याति और वसुंधरा कोठारी मोर्चा संभालेंगी. ख्याति प्रेम को समझाएगी कि अब वह वजह खत्म हो चुकी है, जिसके चलते वह शादी में नहीं जाना चाहता था. अब उसके पास सिर्फ जिद बची है. राही, परी, अनिल और परिवार के बाकी सदस्य भी उम्मीद लगाए बैठे होंगे कि प्रेम मान जाएगा, लेकिन जब वह नहीं मानेगा तो वसुंधरा कोठारी आगे आएंगी.

## यंग इंडिया




# सेंट्रल बैंक में 4500 अप्रेंटिस पद

## आवेदन की अंतिम तिथि आज

बैंकिंग सेक्टर में अवसर तलाश रहे युवाओं के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने बड़ा मौका दिया है. बैंक ने अप्रेंटिस के 4500 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं और इस प्रक्रिया की अंतिम तारीख आज तय की गई है. ऐसे में जिन उम्मीदवारों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, उनके पास अब बहुत कम समय बचा है. इच्छुक अभ्यर्थी बैंक की आधिकारिक वेबसाइट और निर्धारित पोर्टल के जरिए जल्द से जल्द ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

यह भर्ती अभियान वित्त वर्ष 2026-27 के लिए चलाया जा रहा है. बैंक की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, इस प्रक्रिया के तहत चयनित अभ्यर्थियों को एक निश्चित अवधि तक अप्रेंटिस के तौर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा. यह मौका खासतौर पर उन युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है, जो बैंकिंग क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव हासिल करना चाहते हैं और भविष्य में इसी सेक्टर में अपने करियर को आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार, यह देशभर में फैली शाखाओं के लिए एक बड़ा भर्ती अभियान है, जिसमें विभिन्न राज्यों के लिए पद निर्धारित किए गए हैं. योग्यता और आयु सीमा की बात करें तो आवेदन करने वाले उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना जरूरी है. उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित की गई है. आयु की गणना अधिसूचना में तय कट-ऑफ तिथि के आधार पर की जाएगी. वहीं आरक्षित वर्गों को नियमानुसार छूट दी जाएगी. एससी/एसटी वर्ग को 5 वर्ष, ओबीसी वर्ग को 3 वर्ष और दिव्यांग उम्मीदवारों को 10 वर्ष तक की छूट मिलेगी.

# एमबीए छात्रों के लिए क्या बेहतर, फाइनेंस या मार्केटिंग

एमबीए के छात्रों के सामने अक्सर फाइनेंस और मार्केटिंग में से किसी एक का चुनाव करने की चुनौती होती है. दरअसल, दोनों ही फील्ड में नौकरी और करियर की अच्छी संभावनाएं हैं. फाइनेंस में आकर्षक शुरुआती सैलरी मिल सकती है, जबकि मार्केटिंग में अधिक जॉब अवसर और लंबी अवधि में शानदार करियर ग्रोथ देखने को मिलती है.

आज भी भारत और दुनिया के सबसे लोकप्रिय प्रोफेशनल कोर्स में एमबीए की गिनती होती है. हर साल लाखों छात्र एमबीए में एडमिशन लेते हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि फाइनेंस और मार्केटिंग में से कौन-सा स्पेशलाइजेशन बेहतर है. दोनों ही फील्ड में करियर की शानदार संभावनाएं हैं, लेकिन नौकरी के अवसर, सैलरी, स्किल्स और करियर ग्रोथ के मामले में इनके बीच कुछ महत्वपूर्ण अंतर हैं. ऐसे में एमबीए करने से पहले यह समझना जरूरी है कि आपके लिए कौन-सा विकल्प ज्यादा बेहतर साबित हो सकता है. एमबीए फाइनेंस उन छात्रों के लिए सही माना जाता है जिन्हें मैथ, स्टैटिस्टिक्स, इन्वेस्टमेंट, बैंकिंग और फाइनेंशियल एनालिसिस में रुचि होती है. इस कोर्स के दौरान छात्रों को फाइनेंशियल मैनेजमेंट, इन्वेस्टमेंट प्लानिंग, रिस्क मैनेजमेंट, टैक्सेशन और कॉर्पोरेट फाइनेंस जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं. फाइनेंस में एमबीए करने के बाद उम्मीदवार बैंक, इंश्योरेंस कंपनियां, इन्वेस्टमेंट फर्म, स्टॉक मार्केट, फिनटेक कंपनियों और कॉर्पोरेट सेक्टर में नौकरी पा सकते हैं.



अगर शुरुआती सैलरी की बात करें, तो दोनों फील्ड में अच्छे इंस्टीट्यूट से एमबीए करने वाले छात्रों को आकर्षक पैकेज मिलते हैं. हालांकि, टॉप बिजनेस स्कूलों और बड़ी कंपनियों में फाइनेंस प्रोफाइल, खासकर इन्वेस्टमेंट बैंकिंग और कॉर्पोरेट फाइनेंस से जुड़ी नौकरियों में औसतन अधिक सैलरी देखने को मिलती है. मार्केटिंग में शुरुआती सैलरी थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन एक्सपीरियंस बढ़ने के साथ ब्रांड मैनेजर, मार्केटिंग हेड और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर सीएमओ जैसे पदों पर सैलरी तेजी से बढ़ सकती है. कई मामलों में सफल मार्केटिंग प्रोफेशनल्स की कमाई फाइनेंस प्रोफेशनल्स से भी अधिक हो जाती है.

फाइनेंशियल एनालिस्ट, इन्वेस्टमेंट बैंकर, रिस्क मैनेजर, क्रेडिट एनालिस्ट और फाइनेंस मैनेजर जैसी प्रोफाइल काफी लोकप्रिय हैं.

# डीएसएसएसबी में 1979 पदों पर भर्ती

दिल्ली में सरकारी नौकरी का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए बड़ा मौका आया है. दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड ने टीचिंग और नॉन-टीचिंग के 1979 पदों पर भर्ती निकाली है. इस भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवार बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट dsssb.delhi.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. भर्ती अभियान के तहत शिक्षा, तकनीकी और अन्य प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े कई पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी. यही वजह है कि यह भर्ती 12वीं पास से लेकर उच्च शिक्षित अभ्यर्थियों तक, बड़ी संख्या में युवाओं के लिए अवसर लेकर आई है.

डीएसएसएसबी की इस भर्ती में आवेदन करने के लिए शैक्षणिक योग्यता पद के अनुसार अलग-अलग तय की गई है. कुछ पदों के लिए 12वीं पास योग्यता मांगी गई है, जबकि कई पदों के लिए आईटीआई, बीएड, इंजीनियरिंग डिग्री के साथ 1 साल का अनुभव और पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री जरूरी होगी. यानी उम्मीदवारों को आवेदन से पहले यह ध्यान से देखना होगा कि जिस पद के लिए वे फॉर्म भरना चाहते हैं, उसके लिए निर्धारित योग्यता क्या है. यही नहीं, टीचिंग और नॉन-टीचिंग दोनों तरह की वैकेंसी होने की वजह से अलग-अलग बैकग्राउंड के अभ्यर्थियों के लिए इसमें मौका मौजूद है. इस भर्ती की एक और बड़ी खासियत इसकी आकर्षक सैलरी है. पद के अनुसार चयनित उम्मीदवारों को 1,44,000 रुपये तक मासिक वेतन मिल सकता है. वहीं आवेदन शुल्क 100 रुपये रखा गया है.




# एसबीआई पीओ भर्ती शुरू, 1500 पदों पर आज से आवेदन

देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने प्रोबेशनरी ऑफिसर भर्ती 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है. बैंक की ओर से जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, इस भर्ती अभियान के तहत कुल 1500 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी. इच्छुक और पात्र उम्मीदवार 18 जून 2026 से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जबकि आवेदन की अंतिम तारीख 8 जुलाई तय की गई है. ऐसे में जो अभ्यर्थी बैंकिंग सेक्टर में अधिकारी स्तर की नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए यह भर्ती एक बड़ा अवसर बनकर सामने आई है.

भर्ती को बैंकिंग सेक्टर की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में माना जाता है. इस पद पर चयनित उम्मीदवारों को बैंक में अधिकारी स्तर की जिम्मेदारी संभालने का मौका मिलता है, साथ ही आगे प्रमोशन और नेतृत्व की भूमिका तक पहुंचने का रास्ता भी खुलता है. यही वजह है कि हर साल बड़ी संख्या में अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होते हैं.

इस बार भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है और उम्मीदवार के करियर पोर्टल के जरिए अपना पंजीकरण कर सकते हैं. आवेदन से पहले उम्मीदवारों को आधिकारिक नोटिफिकेशन ध्यान से पढ़ने की सलाह दी गई है, ताकि पात्रता, दस्तावेज और चयन प्रक्रिया से जुड़ी कोई भी जानकारी छूट न जाए. भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की जाएगी. पहले चरण में प्रारंभिक परीक्षा होगी, जिसके सफल अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे. इसके बाद चयनित उम्मीदवारों को फेज-3 के तहत आगे की प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिसमें इंटरव्यू और अन्य मूल्यांकन चरण शामिल हो सकते हैं.

शुरुआती कार्यक्रम के मुताबिक फेज-1 परीक्षा अगस्त, फेज-2 सितंबर 2026 और फेज-3 अक्टूबर या नवंबर में आयोजित किया जा सकता है. ऐसे में उम्मीदवारों को आवेदन के साथ-साथ अपनी तैयारी भी तेज करनी होगी. हालांकि विस्तृत पात्रता, आयु सीमा, आवेदन शुल्क और श्रेणीवार पदों की जानकारी आधिकारिक नोटिफिकेशन में दी गई है, लेकिन इतना साफ है कि यह भर्ती बैंकिंग करियर की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बेहद अहम है.